प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

"आज के मुख्य समाचार"

- प्रदेश के नए राज्यपाल कविंद्र गुप्ता आज शिमला स्थित लोकभवन में लेंगे 30वें राज्यपाल के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ
- राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा की संपति को लेकर दायर याचिका पर भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की हस्तक्षेप की मांग
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के आईएसबीटी से चंडीगढ़ के लिए एचआरटीसी की प्रीपेड टैक्सी सेवा का करेंगे शुभारंभ
- केंद्र ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

राज्यपाल शपथ

हिमाचल प्रदेश के 30वें राज्यपाल के रूप में आज कविंदर गुप्ता लोक भवन शिमला में पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया उन्हें शपथ दिलाएंगे। इससे पहले कल शाम शिमला पहुंचने पर राज्यपाल कविंद्र गुप्ता का विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने लोकभवन में स्वागत किया। प्रदेश के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किए गए कविंद्र गुप्ता ने कहा कि वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर प्रदेश के कल्याण और प्रगति के लिए कार्य करेंगे।

*मुझे विश्वास है और मेरी आदत है, सबको साथ लेकर चलने की। मैं चाहता हूं सब समाज को लेकर साथ में चलेंगे और हिमाचल की बेहतरी के लिए काम करेंगे और मुझे लगता है कि मैं पहला व्यक्ति हूं सात महीने बाद जिन्होंने प्रमोशन की है, तो स्वभाविक बात है कि एक जिम्मेवारी है, एक चैंलेज है, उस चैलेंज को निभाएंगे और सभी के साथ मिलजुल कर काम करेंगे।*

कविंद्र गुप्ता ने कहा कि लद्दाख के उपराज्यपाल के रूप में पहले उन्हें सीखने का मौका दिया गया और अब वे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल की चुनौती को सहर्ष स्वीकार करते हैं।

राज्यसभा सदस्य

राज्यसभा की एक सीट के लिए निर्विरोध चुने गए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा के खिलाफ नामांकन प्रक्रिया के दौरान संपत्ति के विवरण छिपाने और चुनावी नियमों के उल्लंघन के संबंध में निर्वाचन आयोग राज्यसभा सचिवालय और हिमाचल प्रदेश विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष एक शिकायत दर्ज की गई है। धर्मशाला की अधिवक्ता निताशा कटोच की ओर से दायर की गई इस शिकायत याचिका का हवाला देते हुए भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच होना बेहद जरूरी है।

दूसरी ओर, निर्विरोध चुने गए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने भी अपनी संपत्ति को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि उनके पिताजी द्वारा अर्जित की गई यह मेहनत की कमाई थी जो उन्हें पैतृक संपत्ति के रूप में मिली है। उन्होंने ये भी कहा कि वे स्वयं एक कारोबारी है व नियमित रूप से आयकर भरते हैं और उनकी कोई भी संपत्ति छुपी नहीं है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के आईएसबीटी टूटीकंडी से चंडीगढ़ के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की प्रीपेड टैक्सी सेवा का शुभारंभ करेंगे। इस सेवा की शुरू होने से शहर में स्थानीय लोगों व सैलानियों को राहत मिलेगी और टैक्सियों के मनमाने किराए पर भी रोक लगेगी। शिमला और चंडीगढ़ की आवाजाही के लिए आईएसबीटी पर स्थित प्रीपेड काउंटर से तय दरों पर टैक्सी मिलने से यात्रियों को पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा मिल सकेगी। परिवहन विभाग ने शिमला से चंडीगढ़ के लिए टैक्सी का शुल्क 3 हजार रुपए जबकि मैक्सी का शुल्क 5 हजार रुपए तय किया है।

संसद

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के तहत लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। यह प्रस्ताव कांग्रेस के तीन सदस्यों मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और मल्लु रवि द्वारा पेश किया जाएगा। यदि प्रस्ताव लोकसभा में पारित हो जाता है तो बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सदस्यों के बीच बैठेंगे। पश्चिम एशिया पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण कल अध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव नहीं लिया गया। इस बीच, राज्यसभा में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा जारी रहेगी। उच्च सदन में ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर भी चर्चा होनी है।

सरकार–एलपीजी

केंद्र सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। यह कदम ईंधन आपूर्ति में मौजूदा भू–राजनीतिक तनाव और एलपीजी आपूर्ति पर लगी पाबंदियों के मद्देनजर उठाया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सिलेंडर की दो बुकिंग के बीच का अंतर बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है।

सौर ऊर्जा

सौर ऊर्जा किसानों के लिए एक वरदान सिद्ध हो रही है , जो बिजली और डीजल पर निर्भरता कम कर सोलर पंप के जरिए सिंचाई लागत में भारी बचत करती है। सौर ऊर्जा से सम्बंधित विभिन्न योजनाओ पर केंद्र सरकार सब्सिडी देती है, ऐसी ही योजनाओ का लाभ मंडी जिला के करसोग में कामाक्षा गांव के किसान छज्जू राम वर्मा ने भी मिला जिससे उन्हें अपने खेतों में सिंचाई की उचित सुविधा प्राप्त हुई। विस्तृत ब्यौरे के साथ मंडी जिला संवाददाता

*मंडी जिला के करसोग क्षेत्र के कामाक्षा गांव के किसान छज्जू राम वर्मा ने सौर ऊर्जा के सहारे अपनी खेती की तस्वीर बदल दी है। कभी पानी की कमी के कारण उनकी करीब 25 बीघा जमीन का बड़ा हिस्सा खाली पड़ा रहता था, लेकिन आज वही खेत हरी–भरी फसलों से लहलहा रहे हैं। कुछ वर्ष पहले तक छज्जू राम पारंपरिक खेती करते थे और खेती पूरी तरह बारिश पर निर्भर थी। बाद में उन्होंने सरकारी सहायता योजना के तहत अपने खेत में 4 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट लगाया। इसकी कुल लागत करीब 2.70 लाख रुपये थी, जिसमें 90 प्रतिशत खर्च सरकार ने वहन किया, जबकि 10 प्रतिशत राशि उन्होंने स्वयं लगाई। सौर ऊर्जा से चलने वाली मोटर के माध्यम से खेतों में सिंचाई की स्थायी व्यवस्था हो गई। पानी की समस्या दूर होते ही उन्होंने नगदी फसलों की खेती शुरू कर दी। बेहतर सिंचाई और आधुनिक खेती के कारण उत्पादन बढ़ा है और आज उनकी सालाना आय करीब 3 से 4 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। आकाशवाणी समाचार के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।*

जनगणना

अगले वर्ष होने वाली प्रथम चरण की जनगणना की तैयारियों के तहत जिला व चार्ज अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कल कुल्लू में शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय के प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीसी कुल्लू की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने जनगणना 2027 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जो प्रशासनिक व विकासात्मक योजना निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

जागरूकता शिविर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत युवाओं में स्वस्थ खानपान की आदतों को विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा कल केलंग अस्पताल में ईट राइट स्कूल पंजीकरण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लाहौल के पांच राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों उदयपुर, शकोली, त्रिलोकनाथ, जहालमा और गौशाल के अध्यापकों ने हिस्सा लिया। भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने बताया कि ये शिविर स्कूलों को न केवल पंजीकरण के लिए प्रेरित करेगा बल्कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूक करने का रोडमैप देगा।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–81 नई पंचायतें गठित, तीन के प्रस्ताव खारिज, अधिसूचना जारी। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–हिमाचल में खुलेंगे छह नए मिल्क प्लांट। पंजाब केसरी व हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–विधानसभा चुनाव में आम कार्यकर्ताओं को टिकट देने पर होगा विचार। दैनिक जागरण का शीर्षक है–हिमाचल में व्यावसायिक गैस सिलिंडरों की आपूर्ति बंद, उद्योगों की बढ़ी चिंता। मौसम पर दैनिक भास्कर ने लिखा है–प्रदेश की ऊंची चोटियों में 15 तक बारिश और बर्फबारी के आसार।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश के नए राज्यपाल कविंद्र गुप्ता आज शिमला स्थित लोकभवन में लेंगे 30वें राज्यपाल के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ
- राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा की संपति को लेकर दायर याचिका पर भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की हस्तक्षेप की मांग
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के आईएसबीटी से चंडीगढ़ के लिए एचआरटीसी की प्रीपेड टैक्सी सेवा का करेंगे शुभारंभ
- केंद्र ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के दिए निर्देश